**T.T. LIMITED**
(CIN: L18101DL1978PLC009241)
Poddar House, 71/2C, 2nd Floor, Rama Road, Moti Nagar, New Delhi - 110015
0091 11 45060708 | 1800 1035 681 | newdelhi@ttlimited.co.in | www.ttlimited.co.in

July 10, 2026

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>**“Exchange Plaza”**<br>**Plot No. C/1, G Block**<br>**Bandra Kurla Complex**<br>**Bandra (E), Mumbai-400051**<br>**Scrip Code: TTL** | **BSE Limited**<br>**Floor 35, P.J. Towers**<br>**Dalal Street**<br>**Mumbai-400001**<br>**Scrip Code: 514142** |

Dear Sir/Madam,

**<u>Subject: News Paper publication:</u>**

Pursuant to Regulations 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations"), please find enclosed herewith copies of the newspaper advertisements pertaining to the Notice of the 47th Annual General Meeting of the Company, the remote e-voting and other information, as published in Open Search (English) and Open Search (Hindi) on 10th July, 2026.

You are requested to take the aforesaid information on your record.

Thanking you,

Yours Faithfully,

**For T. T. Limited**

SUNIL MAHNOT
Digitally signed by SUNIL MAHNOT
Date: 2026.07.10 11:53:52 +05'30'

**Sunil Mahnot**
**Whole Time Director & CFO**
**DIN: 06819974**

**Encl: As above**

# जिन्हें कब्रिस्तान प्यारा, वे ही कर रहे राम मंदिर का विरोध : योगी

बांदा (एजेंसी)




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को फिर निशाने पर रखते हुए इन सरकारों के कार्यों का अंतर बताया। इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि कुछ लोग विरासत को अपमानित करते हैं। उन्होंने हिंदू परंपरा व सनातन को कोसना जीवन का ध्येय बनाया है। वे वैभवशाली व विकसित भारत नहीं देखना चाहते। हमारी सरकार जो पैसा मंदिरों के विकास व धामों के सुंदरीकरण के लिए देती है, समाजवादी पार्टी के समय यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के लिए जाता था।

उन्हें कब्रिस्तान प्यारा है, इसलिए वे राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, नैमिषारण्य धाम के विकास का विरोध करते हैं। सपा व कांग्रेस वाले भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों को पचा नहीं पाते। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जिनकी सोच नकारात्मक व विकास विरोधी है, उन्हें खारिज कीजिए। सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास की गई कई योजनाओं को गिनाकर इसका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया।

**सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास की गईं कई योजनाओं को गिनाकर इसका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड की दुर्दशा के दौर को भी बयां किया। बताया कि सीएम बनने के बाद प्रधानमंत्री जी ने मुझसे कहा था कि पहला दौरा बुंदेलखंड का हो और वहां के लिए कुछ किया जाए**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड की दुर्दशा के दौर को भी बयां किया। बताया कि सीएम बनने के बाद प्रधानमंत्री जी ने मुझसे कहा था कि पहला दौरा बुंदेलखंड का हो और वहां के लिए कुछ किया जाए। नौ-साढ़े 9 साल पहले जब आया तो देखा कि पिछड़ापन यहां का पर्याय था। पलायन और प्यास बुंदेलखंड की पहचान बन गई थी। खनन, लैंड, सैंड, वन, भूमाफिया व डकैतों का ऐसा आतंक था, जिससे किसान भी खेत में जाने से डरता था। पाठा का यह क्षेत्र डकैतों के लिए फिरौती व वसूली का माध्यम बन गया था। कनेक्टिविटी, सिंचाई, पेयजल, सुरक्षा, रोजगार नहीं था। थाने में एफआईआर तक नहीं होती थी। बुंदेलखंड अस्तित्व के लिए जूझ रहा था परंतु अब बुंदेलखंड की प्रगति को देखकर अंतःकरण से प्रसन्नता होती है। हर किसी को 9 वर्ष पहले और आज के बांदा में परिवर्तन दिखेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास व विरासत के संरक्षण के लिए शासन के संज्ञान में जो भी प्रोजेक्ट आएगा, उसे लागू कर बुंदेलखंड को धरती का स्वर्ग बनाएंगे। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली तो आशा की किरण जगी। 2017 में यूपी में डबल इंजन सरकार बनने के बाद यहां भी कनेक्टिविटी, पेयजल, हर खेत को पानी और बांदा के युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है।

डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सभी के सपनों को साकार किया है। सीएम योगी ने कहा कि जनता ने श्रीप्रकाश द्विवेदी, रामकेश निषाद व ओममणि वर्मा जैसे अच्छे जनप्रतिनिधियों को जिताया है तो यहां विकास की परियोजनाएं आ रही हैं। बुंदेलखंड भी डकैत, माफिया, कर्फ्यू, उपद्रव व दंगामुक्त हो गया। अब यहां महारानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, कनेक्टिविटी की बेहतरीन सुविधा मिल रही है। उन्होंने सचेत किया कि यदि भूमाफिया व डकैत चुनाव जीतेगा तो व्यापारी का अपहरण करेगा, गरीबों को उजाड़ेगा और नौजवानों-गरीबों की योजनाओं पर डकैती डालेगा। वर्ष 2017 के पहले उप्र में यही होता था। जिसे प्रदेश की रखवाली की जिम्मेदारी सौंपी, वही प्रदेश को लूटते थे।

गरीबों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिलती थीं। आवास की सुविधा उन्हें ही मिलती थी, जो समाजवादी पार्टी के थे परंतु अब 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के साथ हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार तुष्टिकरण की नीति पर नहीं चलती। सरकार को उपद्रव, कर्फ्यू, गुंडागर्दी पसंद नहीं है। सरकार बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने वालों को चेतावनी देती है और न मानने वालों के लिए यमराज के घर जाने का रास्ता भी खोल देती है। सीएम ने कहा कि पिछली बार आने पर भी यहां कुछ प्रतिमाओं का अनावरण किया था। आज भी अवंती बाई लोधी की दिव्य-भव्य प्रतिमा का अनावरण किया है।

# राम मंदिर ट्रस्ट ने पारदर्शिता बढ़ाने का दिया भरोसा, गोविंद देव गिरी बोले-अब नहीं होगी कोई चूक

अयोध्या (एजेंसी)



अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने कहा कि मंदिर प्रशासन में पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि चढ़ावे की गिनती सहित सभी प्रक्रियाओं में सुधार किया गया है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ट्रस्ट अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ मंदिर का संचालन करेगा।

गोविंद देव गिरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मैं बुधवार को चंपत राय से मिलने गया था। उनके साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई। मुख्य रूप से मैं उनका स्वास्थ्य देखने गया था। वे पूरी तरह स्वस्थ हैं, संतुष्ट हैं और त्यागपत्र के कारण उनके मन में किसी प्रकार का आक्रोश नहीं है। वे एक मंझे हुए कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा को समर्पित किया है। इसलिए हम जो नई व्यवस्था तैयार कर रहे हैं, उसका वे पूरा समर्थन कर रहे हैं। उनके मन में किसी प्रकार की नाराजगी नहीं है।' उन्होंने कहा, मैं यहां के कुछ साधु-संतों से भी मिला। वे भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा लिए गए निर्णयों से सहमत और प्रसन्न हैं। उन्होंने पूजा-पद्धति और व्यवस्थाओं में कुछ सुधार की अपेक्षा जताई है, जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं और आवश्यक सुधार किए जाएंगे। गोविंद देव गिरी ने कहा, मैं उस स्थान का भी निरीक्षण करने गया, जहां चढ़ावे की गिनती होती है। वहां की नई व्यवस्थाओं और किए गए बदलावों को देखा। अब इतनी सावधानी बरती जा रही है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा होने की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने कहा, अब हम यह कार्य पहले से अधिक दक्षता के साथ करेंगे और किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेंगे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तीन पैदल राहगीरों को कुचला, रोपाई करने आए युवकों की मौत



ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)

ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे पैदल जा रहे तीन राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान करन (22 वर्ष) पुत्र मिथलेश, विश्वजीत (24 वर्ष) पुत्र सतीश और मिथुन (25 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बिहार के अररिया जिले के निवासी थे और धान की रोपाई का कार्य करने के लिए जेवर क्षेत्र में आए हुए थे। बताया जा रहा है कि तीनों युवक सड़क किनारे पैदल जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी। घटना के बाद जेवर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटना में शामिल वाहन स्कॉर्पियो थी। पुलिस ने वाहन चालक की पहचान भी कर ली है। मृतकों के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि दुर्घटना के समय की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस का कहना है कि फरार चालक की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के साथ ही दुर्घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो को भी बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

# नोएडा में झमाझम बारिश ने खोली व्यवस्थाओं की पोल, शहर की कई सड़कें और सेक्टर जलमग्न

नोएडा (एजेंसी)



मानसून की झमाझम बारिश ने एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण के जल निकासी और मानसून तैयारियों के दावों की पोल खोल दी है। लगातार हो रही बारिश के चलते शहर के कई प्रमुख मार्गों, सेक्टरों और गांवों में जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई है। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं, जिससे आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

सबसे अधिक परेशानी रोजाना कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को उठानी पड़ रही है। शहर के सेक्टर-57/58 को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर भारी जलभराव देखने को मिला। सड़क पर कई फीट तक पानी जमा होने से वाहनों की रफ्तार थम गई और लंबा जाम लग गया। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगह वाहन पानी में बंद हो गए जबकि पैदल चलने वाले लोगों को गंदे और बदबूदार पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थिति केवल सेक्टर-57/58 तक ही सीमित नहीं रही। सेक्टर-27 की सड़कें भी पूरी तरह जलमग्न नजर आईं। यहां सीवर और नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल गया, जिससे पूरे इलाके में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते नालों और ड्रेनों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण हर साल बारिश के दौरान यही हालात बनते हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

# बिहार : आय से ज्यादा संपत्ति मामले में उत्पाद निरीक्षक के 5 ठिकानों पर छापेमारी

सीवान (एजेंसी)




बिहार के सीवान में तैनात उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में अधिकारी के पास ज्ञात आय से करीब 202 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने के साक्ष्य मिले हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय (आर्थिक अपराध प्रभाग) ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी कि अंकेश कुमार गोंड के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति को लेकर बुधवार को एक मुकदमा दायर किया गया था। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) के तहत दर्ज किया गया। पटना की विशेष न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पांच अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

बुधवार को ही इन टीमों ने एक साथ पांच स्थानों पर छापेमारी शुरू की। गुरुवार सुबह भी ईओयू की छापेमारी जारी है। ईओयू टीमों ने पटना के दानापुर स्थित आवास, मुंगेर के चंदनबाग स्थित पैतृक घर, मुंगेर के लल्लूपोखर स्थित व्यवसायिक भवन, सिवान स्थित उत्पाद विभाग के कार्यालय कक्ष और चित्रगुप्त नगर स्थित किराए के आवास पर तलाशी अभियान चलाया है। पुलिस मुख्यालय (आर्थिक अपराध प्रभाग) के अनुसार, जांच के दौरान प्रथम दृष्टया यह सामने आया कि आरोपी अधिकारी ने अपनी वैध आय से 2 करोड़ 36 लाख 31 हजार रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की है, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 201.97 प्रतिशत अधिक है। सिवान उत्पाद विभाग के बैरक और कार्यालय परिसर में आर्थिक अपराध इकाई की टीम सुबह से दस्तावेजों और अभिलेखों की गहन जांच कर रही है। टीम बैंक खातों, निवेश, चल-अचल संपत्तियों और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की भी जांच में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल तलाशी अभियान जारी है और जांच पूरी होने के बाद आर्थिक अपराध इकाई विस्तृत जानकारी शेयर करेगी।

**T T LIMITED**

**HiFlyers Garments**

(CIN-L18101DL1978PLC009241)
Regd. Office: 71/2C, 2nd Floor, Poddar House,
Rama Road, Moti Nagar, New Delhi-110015
Website: www.ttlimited.co.in ; Email: newdelhi@ttlimited.co.in;
Tel: +91-11-45060708

**NOTICE OF THE 47th ANNUAL GENERAL MEETING (AGM), BOOK CLOSURE AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that:

1. The 47th AGM will be held on Thursday, 06th August, 2026 at 11:00 A.M. IST through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 (Act) and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (SEBI Listing Regulation) read with General Circular Nos. 14/2020, 09/2023 dated 25th September, 2023 and latest issued 03/2025 dates 22nd September, 2025 respectively issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular/s") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020 and circular no. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/ P/2021/11 dated 15th January 2021, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May 2022, circular No SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 5th January, 2023, circular no. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated 7th October, 2023 and 3rd October 2024 issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circular"), and without the physical presence of the Members at a common venue.
   In terms of MCA Circular/s and SEBI Circular, the Notice of the 47th AGM and Annual Report 2025-26 including the Audited Financial Statement for the year ended 31st March, 2026 ("Annual Report 2025-26") has been sent to all the Members whose e-mail addresses are registered with the Company/ Registrar and Share Transfer Agent/ Depository Participants(s) on Wednesday 8th July, 2026. The requirements of sending physical copy of the Notice of 47th AGM and Annual Report to the Members have been dispensed with vide MCA Circular/s and SEBI Circular. Members are hereby informed that the said Annual Report including 47th AGM Notice is also available on the Company's website at **www.ttlimited.co.in**, website of the Bombay Stock Exchange at **www.bseindia.com**, National Stock Exchange at **www.nseindia.com** respectively and CDSL **www.evotingindia.com**. The Company will also provide a facility of e-voting to members during the AGM, who have not cast their vote by remote e-voting. The Company has entered into an arrangement with CDSL for providing the remote e-voting and e-voting during the AGM.
2. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of Thursday, 30th July, 2026 may cast their vote electronically, as set out in the Notice of 47th AGM electronic voting system ("remote e-voting") of Central Depository Services (India) Limited (CDSL). All the Members are informed that:
   (i) the Ordinary & Special Business, as set out in the Notice of 47th AGM, will be transacted through voting by electronic means;
   (ii) the remote e-Voting shall commence on Monday, 3rd August, 2026 at 9:00 A.M. IST;
   (iii) the remote e-Voting shall end on Wednesday, 05th August, 2026 at 05:00 P.M. IST. The remote e-voting shall be disabled for voting by CDSL after 05.00 p.m. IST.
   (iv) the cut-off date, for determining the eligibility to vote through remote e-Voting or through the e-Voting system during the 47th AGM, is Thursday, 30th July, 2026;
   (v) any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of 47th AGM by email and holding shares as on the cut-off date i.e. Thursday, 30th July, 2026, may obtain the login ID and password by sending a request at e-mail: **helpdesk.evoting@cdslindia.com**.
   (vi) in case of any queries or issues regarding attending AGM / e-voting, members may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at **www.evotingindia.com** under help section.
   (vii) those Members holding shares in physical form, whose email addresses are not registered with Company, may register their email address by sending, scanned copy of a signed request letter mentioning name, folio number and complete address, self attested scanned copy of the PAN Card; and self attested scanned copy of any document (such as AADHAR Card, Driving License, Election Identity Card, Passport) in support of the address of the Member as registered with Company, by email to Company email id: **investors@ttlimited.co.in** Members holding shares in demat form can update their email address with their Depository Participant.
3. Pursuant to section 91 of the Act read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of the Listing Regulations, the Register of Members and the Share Transfer books of the Company will remain closed from Friday, 31st July, 2026 to Thursday, 06th August, 2026 (both days inclusive).

**By Order of the Board of Directors**
**For TT Limited**
**Sd/-**
**Sunil Mahnot**
**Whole Time Director & CFO**

**Place: New Delhi**
**Date: 09.07.2026**

# बिहार : ट्रक से टकराकर कार में लगी आग, दो लोगों की जिंदा जलकर मौत



गयाजी (एजेंसी)

बिहार के गया जिले में डोभी-पटना फोरलेन पर बुधवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना बुधवार देर रात बोधगया थाना क्षेत्र के सीजुआ गांव के समीप हुई।

डोभी की ओर से आ रही झारखंड नंबर की एक स्विफ्ट कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खाद लोडेड ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में फोरलेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। उसी समय डोभी की तरफ से पटना जा रही कार अनियंत्रित हो गई और सीधे ट्रक के दाहिने हिस्से में बने डीजल टैंक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का डीजल टैंक तुरंत फट गया। टैंक फटते ही उसमें से डीजल बहने लगा और देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। बताया गया कि कार चालक किसी तरह वाहन से बाहर निकलने में सफल रहा लेकिन पीछे की सीट पर बैठे दो अन्य लोग कार में ही फंस गए।

आग की तेज लपटों के कारण दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बोधगया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है। गंभीर रूप से घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

# शादी समारोह में युवक की हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

आजमगढ़ (एजेंसी)



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी युवक को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम ने गुरुवार सुबह मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आजमगढ़ पुलिस के अनुसार, 7-8 जुलाई की रात को आजमगढ़ जिले के मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र के डंडवल गांव में एक शादी समारोह था। समारोह में भोजन को लेकर हुए दो युवकों में विवाद हुआ, जिसने कुछ देर में ही हिंसक रूप ले लिया। दोनों तरफ से लाठी-डंडों से हमला शुरू हो गया। मारपीट के दौरान प्रीतोष राजभर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने कहा कि इस गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना मेंहनाजपुर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि 9 जुलाई को पुलिस टीम ने एक संदिग्ध अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अभियुक्त ने भागने की कोशिश की।

इस दौरान घिरने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की। तभी अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिससे वह गिर गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ शादी समारोह में भोजन को लेकर हुए विवाद के दौरान प्रितोष राजभर पर लाठी-डंडों से हमला करने की बात स्वीकार की। अधिकारियों ने बताया कि घायल अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या, पुलिस पर फायरिंग, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी है।

# बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने ममता बनर्जी को घेरा, कहा-आम जनता टीएमसी से आक्रोशित

पटना (एजेंसी)

बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने नीट यूजी परीक्षा और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर प्रतिक्रिया दी। ममता बनर्जी की ओर से प्रोटेस्ट किए जाने पर लोगों की प्रतिक्रिया पर संजय सरावगी ने कहा कि टीएमसी सरकार में जनहित से कोई मतलब नहीं था।

जन विरोधी नीतियां लागू करने, कटमनी के नाम पर आम जन मानस से पैसा वसूलना, घुसपैठियों को टीएमसी सरकार में सत्ता से संरक्षण में बसाया गया, जिससे डेमोग्राफी में बदलाव हुआ। इससे आम जनता आक्रोशित है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी को देखने, टीएमसी के नेताओं को देखने पर आम जनता का गुस्सा जाहिर होता है। भगवान राम को लेकर ममता बनर्जी की ओर से लगाए गए आरोप पर संजय सरावगी ने कहा कि भगवान राम से विपक्षी पार्टियों को कोई मतलब है। समाजवादी पार्टी की सरकार में राम भक्तों को गोलियां मारी गई थीं और आज भगवान श्री राम की याद आती है। जिस दिन मंदिर का शिलान्यास हो रहा था, उस दिन कांग्रेस काला कपड़ा पहनकर घूम रही थी। संजय सरावगी ने कहा कि इन लोगों को भगवान श्री राम से कोई लेना-देना नहीं है। भगवान श्री राम करोड़ों भक्तों के आराध्य हैं। अब बुरे दिन आ रहे हैं तो इनको भगवान श्रीराम की याद आ रही है।

**भगवान राम को लेकर ममता बनर्जी की ओर से लगाए गए आरोप पर संजय सरावगी ने कहा कि भगवान राम से विपक्षी पार्टियों को कोई मतलब है। समाजवादी पार्टी की सरकार में राम भक्तों को गोलियां मारी गई थीं और आज भगवान श्री राम की याद आती है। जिस दिन मंदिर का शिलान्यास हो रहा था, उस दिन कांग्रेस काला कपड़ा पहनकर घूम रही थी**

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कैसे बोल सकते हैं। राहुल गांधी आज तक अयोध्या मंदिर नहीं गए। जब भगवान टेंट में थे तब भी नहीं गए थे। भगवान के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाले ये लोग हैं। बगलामुखी मंदिर में चढ़ावे के कथित अनियमितता को लेकर संजय सरागवी ने कहा कि भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावे में गड़बड़ियां दिखाई दीं। ऐसे में सभी मंदिरों पर ध्यान जा रहा होगा।




बद्रीनाथ मंदिर के बारे में भी हम लोगों को सुनने को मिला। उस पर भी सरकार की ओर से जांच कराई जा रही है। ऐसे में जहां-जहां गड़बड़ियां हैं, वहां ध्यान जा रहा है और सरकारों की ओर से जांच कराई जा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार की अपराधियों के प्रति अलग रणनीति को लेकर संजय सरावगी ने कहा कि बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश हो चाहे कोई अन्य राज्य हो, जो भाजपा और एनडीए शासित राज्य हैं किसी भी हालत में अपराध और अपराधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में अपराध के समूल नाश का संकल्प लिया जाता है।

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी के नामांकन पर उन्होंने कहा कि नामांकन में एनडीए का पूरा स्वरूप दिखाई देगा। बातचीत करते हुए संजय सरावगी ने अगले वर्ष से नीट यूजी की ऑनलाइन परीक्षा कराने को लेकर कहा कि सरकार की ओर से इस दिशा में काम किया जा रहा है तो अच्छी बात है। सरकार के इस फैसले का स्वागत है।

# India's food services market to reach USD 150 billion by FY31

NEW DELHI : (AGENCY)

India's food services market is expected to grow from around USD 90 billion in FY26 to USD 150 billion by FY31, with online food delivery continuing to gain a larger share of the market, according to a report by Redseer Consulting.

The report said the online segment's share in the food services market is projected to increase from 11 per cent in FY26 to 18 per cent by FY31, reflecting changing consumer preferences and growing adoption of food delivery platforms. According to the report, India's food services market has already expanded significantly over the past five years. The market size increased from USD 56 billion in FY21 to around USD 90 billion in FY26,



while the online share rose from 4 per cent to 11 per cent during the same period. It stated, "India's food services market is growing steadily, with online acting as a key accelerator, while profitability needs a playbook as new opportunities arise". The report also added that the market continues to benefit from rising consumer spending on convenience, increasing preference for eating outside the home and the rapid growth of organised food service brands. The report noted that consumers, particularly younger people in metro and Tier-1 cities, are increasingly choosing outside meals not only for convenience but also for social gatherings and celebrations. At the same time, higher spending on leisure and convenience is driving greater consumption of non-home-cooked food.

The report also highlighted that the organised food services segment now accounts for 45-50 per cent of the overall market and is expected to grow faster than the unorganised sector. Despite the presence of around 1,000-1,500 organised food service companies, the report said only about 2 per cent have achieved revenues of more than Rs 500 crore, indicating significant headroom for expansion. Around 89-90 per cent of organised brands generate annual revenues below Rs 50 crore, while 7-8 per cent fall in the Rs 50 crore to Rs 500 crore category.

Online food delivery is emerging as a key growth driver for the sector. Food delivery transactions in metro cities increased from around 30 crore in FY21 to approximately 106 crore in FY26, reflecting a growing preference for ordering meals from outside. Among various food categories, snacks, desserts and beverages are emerging as the most attractive growth opportunities for food service companies. The report said shakes, juices and cakes are among the fastest-growing categories because they are well suited for online delivery. In the beverages segment, premium tea and coffee are the fastest-growing categories, with premium-positioned brands witnessing stronger margins and better store-level growth.

## Auto sector to grow at 22-24% in Q1 FY27, among top drivers of corporate growth: Crisil

NEW DELHI : (AGENCY)

India's automobile sector is expected to report robust revenue growth of 22-24 per cent year-on-year in the first quarter of FY27, emerging as one of the biggest contributors to overall corporate revenue growth during the quarter, according to a Crisil report. The report estimated overall corporate revenue to have grown 11-11.5 per cent year-on-year in the quarter ended June 30, 2026--the fastest pace in two years despite supply chain disruptions and higher input costs stemming from the West Asia conflict. This compares with revenue growth of 9.6 per cent in the preceding quarter. According to Crisil, "automobiles remained one of the strongest growth drivers," supported by GST-led demand, healthy passenger



vehicle (PV), two-wheeler and commercial vehicle (CV) sales, rising exports and selective price increases. "The 8-13 per cent reduction in GST rates fuelled volume-led growth across the auto sector," the report said. Passenger vehicle (PV) retail sales rose 25 per cent year-on-year, while commercial vehicle (CV) sales grew 15 per cent. Meanwhile, automobile exports are estimated to have increased 19-21 per cent, aided by stronger demand from markets such as Japan and Africa. As per Crisil, the growth was primarily driven by strong demand.

## West Bengal Set to Host a First-of-Its-Kind Summit Blending Sanskriti, Spirituality, and Economy

KOLKATA : (AGENCY)

The official Curtain Raiser and Press Conference ahead of the Maitri Cultural Economy Samiti (MCES) - West Bengal Summit brought together eminent dignitaries who shared the vision, roadmap, and future direction for a culturally rooted and economically empowered West Bengal. Addressing the gathering, Shri. (Prof.) Ashim Kumar Ghosh, Hon'ble Governor of Haryana and the Chief Guest for the Press Launch of MCES West Bengal Summit, appreciated the unique vision of the initiative and said, "This platform brings together academicians, scientists, industry leaders, poets, thinkers, and domain experts under one vision. Such a confluence of knowledge, culture, and collective wisdom is essential for building a strong Bharat rooted in its timeless civi-




lization, values, and cultural heritage. I congratulate the founder, Maitreya Dadashreeji, the organizers, MaitriBodh Parivaar, and everyone associated with this remarkable initiative."

The main summit, organized on 17th July at Kolkata, is expected to witness the participation of distinguished dignitaries, policymakers, ministry representatives, industry stalwarts, academicians, cultural leaders, and spiritual visionaries from across the country. Speaking on the vision behind the initiative, Shri. Gopal Krishna Agarwal (National Spokesperson - Economic Affairs, BJP, and Patron of MCES) said, "The vision of the West Bengal Summit is to establish a meaningful economic connection with its cultural heritage by integrating it into public policy frameworks and governance models" Together, they will deliberate on strengthening West Bengal's cultural economy and shaping a future where heritage and development move hand in hand. Representing MaitriBodh Parivaar, Mitra Jeev, a direct disciple of Maitreya Dadashreeji, emphasized that lasting national transformation begins with individual transformation. He shared, "True nation building begins with character building. At MaitriBodh Parivaar, we are creating an action-oriented movement that nurtures strong foundational values inspired by sanskriti and spirituality, empowering every citizen to become a force for national progress. From children and youth to corporates, grassroots communities, farmers, people in cities, MaitriBodh's mission is to empower every individual."

## ADB cuts Asia-Pacific growth forecast to 4.9% for 2026 amid global energy market disruptions

NEW DELHI : (AGENCY)

The Asian Development Bank (ADB) has lowered its economic growth forecast for developing economies in Asia and the Pacific to 4.9 per cent for 2026, down from the 5.5 per cent growth recorded in 2025. This downgrade represents a reduction of 0.2 percentage points from the projections released in April, according to the latest economic outlook from ADB. Prolonged disruptions to global energy markets, driven by ongoing conflict in the Middle East, have weighed more heavily on the economic prospects of the region than previously anticipated. The report, titled the Asian Development Outlook July 2026, noted that these market disruptions are expected to unwind only gradually despite a framework agreement signed in June. The economic fallout has expanded beyond energy sectors to impact fertilizers, commodity prices, and broader supply chains, which is keeping inflationary pressures elevated. Consequently, regional inflation is now projected to hit 4.3 per cent this year, marking an upward revision of 0.7 percentage points from the April forecast. "Durable implementation of the framework agreement would help normalize global energy markets, but the pace of adjustment is highly uncertain with significant downside risks," said ADB Chief Economist Albert Park. "Economic growth in developing Asia and the Pacific remains resilient, but persistent headwinds caused by the conflict require a careful policy balance between supporting growth.

## Chile Prunes: Making Everyday Snacking More Nutritious

NEW DELHI : (AGENCY)

In today's fast-paced lifestyles, snacking has become a regular part of the day. Yet, while people often focus on planning balanced meals, the nutritional value of the snacks they choose is frequently overlooked. As awareness around everyday nutrition continues to grow, many consumers are beginning to look beyond convenience and seek snack options that can contribute to their overall nutritional intake.

Prunes (dried plums) are gaining recognition as a nutrient-rich addition to everyday snacking. Naturally flavourful and versatile, they provide dietary fibre along with important nutrients such as iron, potassium, boron, and



vitamins A, C, and K. These nutrients play an important role in supporting overall health, making prunes a wholesome addition to a balanced diet. According to Kavita Devgan, leading dietitian, holistic health consultant, and eminent author, "Good nutrition is not just about the meals we eat but also the choices we make between them. Prunes naturally provide dietary fibre along with important vitamins and minerals such as iron, potassium, and boron, making them a nourishing addition to everyday.

## Iris Clothings to Acquire 51% Stake in Infinia, Expands into India's Fast-Growing Athleisure Market

HOWRAH : (AGENCY)

Iris Clothings Limited (NSE: IRISDOREME), one of India's leading branded kidswear companies, to acquire a 51% stake in Infinia, an established men's and women's athleisure brand. The acquisition marks a strategic expansion beyond Iris' core kidswear business and into one of India's fastest-growing apparel categories. It also significantly broadens the Company's addressable market by adding the men's and women's segments to its branded portfolio.

Over the past two decades, Iris has built a strong position in children's apparel through trusted brands, integrated manufacturing, and a nationwide distribution network. The next phase of growth is about expanding into adjacent categories with strong consumer demand. The acquisition of Infinia is a step in that direction. Instead of building a new brand over several years, Iris enters the athleisure market through an established business with an existing customer base, experienced leadership, and proven market acceptance.

Athleisure has become one of the fastest-growing segments in the apparel industry as consumers increasingly prefer comfortable, functional, and lifestyle-oriented clothing. Supported by rising health awareness, hybrid work culture, and changing fashion preferences, the category continues to gain share across both urban and emerging markets. This makes athleisure a natural extension of Iris' branded apparel business.

Founded over six years ago, Infinia has built a strong position in the men's and women's athleisure segment through quality products, contemporary designs, and a compelling value proposition. Its established distribution network, loyal customer base, and scalable business model provide Iris with a ready platform for expansion. The acquisition combines Infinia's established brand, category expertise, and loyal customer base with Iris' strengths in integrated manufacturing, sourcing, supply chain management, brand building, and nationwide distribution. Together, these complementary capabilities are expected to accelerate distribution expansion, enhance product innovation, improve operational efficiencies, and strengthen Iris' position as a diversified branded apparel company. With this acquisition, Iris is no longer positioned only as a kids' wear company. It becomes a branded apparel company with exposure across children's, men's, and women's categories, supported by complementary brands and scalable operating capabilities. The transaction reflects Iris' long-term strategy of building a larger, more diversified business while pursuing disciplined and profitable growth. Commenting on the development, Mr. Santosh Ladha, Managing Director of Iris Clothings Limited, said: " At Iris, we have always believed in growing thoughtfully and creating strong brands that resonate with consumers. Over the years, we have earned a trusted position in the kidswear market, and we see this as the right time to expand into new, high-potential categories. Infinia has built.

## Briefs News

### Lord's Mark Industries Limited Gets Listed on Bombay Stock Exchange

NEW DELHI : (AGENCY) Lord's Mark Industries Limited, a diversified business group with a strong presence across Energy, IVD, and MedTech sectors, gets listed on the Bombay Stock Exchange (BSE), marking an important milestone in the company's growth trajectory. The listing reflects Lord's Mark Industries Limited's focus on building a transparent, scalable, and future-ready organisation while strengthening its engagement with investors and stakeholders. The company commemorates the occasion with an Opening Bell Ceremony at the Bombay Stock Exchange, Heritage Hall on 10th July 2026, in the presence of its Board of Directors, leadership team, and key stakeholders. Over the years, Lord's Mark Industries Limited has expanded its business portfolio with a strong emphasis on innovation, technology adoption, and sustainable growth. The listing is expected to further support the company's long-term vision of enhancing its market presence, pursuing new growth opportunities, and creating value for all stakeholders. Commenting on the development, Mr. Sachidanand Upadhyay, Managing Director, Lord's Mark Industries Limited, said, "The listing of Lord's Mark Industries Limited on the Bombay Stock Exchange represents an important step forward in our corporate journey. This milestone reflects the commitment and efforts of our teams, partners, and stakeholders who have been instrumental in our growth. As we enter this new phase, our focus remains on strengthening our capabilities, driving innovation, and creating sustainable value.

### Olayinka Hakeem Babalola Takes Office as President of Rotary International

NEW DELHI. (AGENCY) Olayinka Hakeem Babalola, a member of the Rotary Club of Trans Amadi, Nigeria, took office as president of Rotary International on 1 July 2026, becoming the second African to lead the global membership organization. Alongside Babalola's appointment, two Rotary members from India have assumed key positions in Rotary's global leadership. A.S. Venkatesh began his term as a trustee of The Rotary Foundation (2026-2030), Rotary's charitable arm, while M. Muruganandam took office as vice president of Rotary International (2026-27). During his one-year term, Babalola will focus on strengthening Rotary's contribution to peacebuilding and supporting sustainable, community-led solutions that address local and global challenges and improve lives. "Rotary gives people the opportunity not only to make a difference in their communities, but also to grow through meaningful relationships, collaboration, and a deeper appreciation of different perspectives," said Babalola. "At a time when many societies face division and uncertainty, I believe Rotary has an important role to play in building understanding, advancing peace, and creating opportunities.

T.T. **T T LIMITED** HiFlyers Garments

**(CIN-L18101DL1978PLC009241)**
**Regd. Office: 71/2C, 2nd Floor, Poddar House, Rama Road, Moti Nagar, New Delhi-110015**
**Website: www.ttlimited.co.in ; Email: newdelhi@ttlimited.co.in;**
**Tel: +91-11-45060708**

**NOTICE OF THE 47th ANNUAL GENERAL MEETING (AGM), BOOK CLOSURE AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that:

1. The 47th AGM will be held on Thursday, 06th August, 2026 at 11:00 A.M. IST through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 (Act) and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (SEBI Listing Regulation) read with General Circular Nos. 14/2020, 09/2023 dated 25th September, 2023 and latest issued 03/2025 dates 22nd September, 2025 respectively issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular/s") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020 and circular no. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/ P/2021/11 dated 15th January 2021, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May 2022, circular No SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 5th January, 2023, circular no. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated 7th October, 2023 and 3rd October 2024 issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circular"), and without the physical presence of the Members at a common venue.

   In terms of MCA Circular/s and SEBI Circular, the Notice of the 47th AGM and Annual Report 2025-26 including the Audited Financial Statement for the year ended 31st March, 2026 ("Annual Report 2025-26") has been sent to all the Members whose e-mail addresses are registered with the Company/ Registrar and Share Transfer Agent/ Depository Participants(s) on Wednesday 8th July, 2026. The requirements of sending physical copy of the Notice of 47th AGM and Annual Report to the Members have been dispensed with vide MCA Circular/s and SEBI Circular. Members are hereby informed that the said Annual Report including 47th AGM Notice is also available on the Company's website at **www.ttlimited.co.in**, website of the Bombay Stock Exchange at **www.bseindia.com**, National Stock Exchange at **www.nseindia.com** respectively and CDSL **www.evotingindia.com**. The Company will also provide a facility of e-voting to members during the AGM, who have not cast their vote by remote e-voting. The Company has entered into an arrangement with CDSL for providing the remote e-voting and e-voting during the AGM.

2. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of Thursday, 30th July, 2026 may cast their vote electronically, as set out in the Notice of 47th AGM electronic voting system ("remote e-voting") of Central Depository Services (India) Limited (CDSL). All the Members are informed that:
   (i) the Ordinary & Special Business, as set out in the Notice of 47th AGM, will be transacted through voting by electronic means;
   (ii) the remote e-Voting shall commence on Monday, 3rd August, 2026 at 9:00 A.M. IST;
   (iii) the remote e-Voting shall end on Wednesday, 05th August, 2026 at 05:00 P.M. IST. The remote e-voting shall be disabled for voting by CDSL after 05.00 p.m. IST.
   (iv) the cut-off date, for determining the eligibility to vote through remote e-Voting or through the e-Voting system during the 47th AGM, is Thursday, 30th July, 2026;
   (v) any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of 47th AGM by email and holding shares as on the cut-off date i.e. Thursday, 30th July, 2026, may obtain the login ID and password by sending a request at e-mail: **helpdesk.evoting@cdslindia.com**.
   (vi) in case of any queries or issues regarding attending AGM / e-voting, members may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at **www.evotingindia.com** under help section.
   (vii) those Members holding shares in physical form, whose email addresses are not registered with Company, may register their email address by sending, scanned copy of a signed request letter mentioning name, folio number and complete address, self attested scanned copy of the PAN Card; and self attested scanned copy of any document (such as AADHAR Card, Driving License, Election Identity Card, Passport) in support of the address of the Member as registered with Company, by email to Company email id: **investors@ttlimited.co.in** Members holding shares in demat form can update their email address with their Depository Participant.

3. Pursuant to section 91 of the Act read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of the Listing Regulations, the Register of Members and the Share Transfer books of the Company will remain closed from Friday, 31st July, 2026 to Thursday, 06th August, 2026 (both days inclusive).

**By Order of the Board of Directors**
**For TT Limited**
**Sd/-**
**Sunil Mahnot**
**Whole Time Director & CFO**

**Place: New Delhi**
**Date: 09.07.2026**